Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अलवर में होमगार्ड आरक्षक 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *29 अगस्त, गुरूवार*। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की अलवर–प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर** को परिवादी से **30 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर–प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि होमगार्ड में सिपाही के पद पर परमानेंट लगवाने की एवज में आरोपी सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर द्वारा **3 लाख रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर–प्रथम इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री महेन्द्र कुमार** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर को परिवादी से **30 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**